पंजाब केसरी 30/11/2025



*स्कूली विद्यार्थियों को क्षमता निर्माण विषय पर व्याख्यान देते जी.एम.एन. कॉलेज के प्राध्यापक।* (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज के प्राध्यापकों ने स्कूली विद्यार्थियों को क्षमता निर्माण विषय पर दिया व्याख्यान

अम्बाला, 29 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज के प्राध्यापकों द्वारा गवर्नमैंट सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बकरा मार्किट, अम्बाला छावनी में क्षमता निर्माण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल की प्रधानाचार्या आरती और एन.सी.सी. अधिकारी अशोक कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और प्रोफैशनल जगत से जुड़े नए अवसरों के प्रति जागरूक, आत्मविश्वासी और सशक्त बनाना था।

यह इंटरैक्टिव सत्र जी.एम.एन. कॉलेज के अंग्रेजी विभाग एवं लैंग्वेज लैब की सह-प्राध्यापक डॉ. कमलेश कुमारी, सहायक प्राध्यापक डॉ. ज्योति सौरोत और प्रो. मेहक तलवार द्वारा संचालित किया गया। सत्र के दौरान विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति-2020 के तहत विभिन्न करियर विकल्प एवं सॉफ्ट स्किल्स सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी, जो शैक्षणिक सफलता तथा भविष्य के रोजगार अवसरों के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं, क्योंकि ये उन्हें भविष्य में सही लक्ष्य निर्धारित करने और उसके अनुरूप दिशा चुनने में सहायता प्रदान करते हैं।

विद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन, प्रेरणा और व्यक्तित्व विकास में योगदान देने के लिए सभी वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।